**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 24.06.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- अट्ठारहवीं लोक सभा का पहला सत्र आज से आरंभ हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सांसद के रूप में शपथ ली–द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने भी आज शपथ ग्रहण ली।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अट्ठारहवीं लोकसभा का सत्र विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ शुरू हो रहा है।
- विकासीय कार्यों का जायजा लेने और लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा ने रंगत तहसील के विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा किया।
- पोर्ट ब्लेयर में अगले महीने की एक तारीख से लेकर पन्द्रह तारीख तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा।
- पोर्ट ब्लेयर और आस–पास के क्षेत्रों में कल से लगातार रूक–रूककर भारी वर्षा हो रही है।

<><><><><><><>

अट्ठारहवीं लोक सभा का पहला सत्र आज से आरंभ हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सांसद के रूप में सबसे पहले शपथ ली। इसके बाद गृहमंत्री अमित शाह के अलावा राजनाथ सिंह और कई अन्य सांसदों ने शपथ ली। दोपहर के सत्र के दौरान अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के नवनिर्वाचित सांसद बिष्णु पद रे के अलावा आंध्र प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश और असम के सांसदों ने शपथ ग्रहण की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अट्ठारहवीं लोकसभा का सत्र विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ शुरू हो रहा है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार देश की सेवा करने और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करेगी। सत्र से पहले संसद के बाहर मीडिया को जानकारी देते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार चलाने के लिए बहुमत की आवश्यकता होती है लेकिन देश चलाने के लिए आम सहमति अतिमहत्वपूर्ण है। उनकी सरकार सबको साथ लेकर और संविधान की पवित्रता को बरकरार रखते हुए तेजी से फैसले लेना चाहती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद पहली बार लोकसभा सांसदों का शपथ ग्रहण समारोह नए संसद भवन में हो रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद दूसरी बार देश की जनता ने किसी सरकार को लगातार तीसरी बार सेवा करने का अवसर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की

जनता विपक्ष से उचित आचरण की आशा करती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विपक्ष लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने के लिए उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा। श्री मोदी ने कहा कि देश को एक जिम्मेदार विपक्ष की जरूरत है। आज अट्ठारहवीं लोकसभा की पहली बैठक के दौरान संसद भवन में भारत की विविध बहुभाषीय और सांस्कृतिक परंपराओं की झलक देखने को मिली। हिंदी और अंग्रेजी के अलावा कई सांसदों ने अपने क्षेत्रीय भाषाओं में शपथ ली।

<><><><><><><>

विकासीय कार्यों का जायजा लेने और लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा ने रंगत तहसील के विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा किया। दशरथपुर, रामपुर, सबरी, बकुलतला, कौशल्यानगर, कदमतला, उत्तरा, सुंदरगढ़ और नीलाम्बुर पंचायत में आयोजित बैठकों में लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों, विभागाध्यक्षों और आम जनता के साथ हुई बैठक में बिजली आपूर्ति, की समस्या पर मंथन किया गया। रंगत तहसील को जलापूर्ति में आत्मनिर्भर बनाने के लिए वर्तमान परियोजनाओं की समीक्षा की गई। राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों के साथ सड़क संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई और उनसे चल रही परियोजनाओं में तेजी लाने को कहा गया है। ज़िला उपायुक्त ने लोगों की समस्याओं को सुलझाने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिया। श्री दिलखुश मीणा ने कदमतला में विवेकानन्द विद्यालय जिला परिषद स्कूल का भी दौरा कर भू–स्खलन की समस्या का जायजा लिया और इस मामले पर रिपोर्ट जमा करने को कहा।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर में अगले महीने की एक तारीख से लेकर पन्द्रह तारीख तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जॉय माला बाग्ची और न्यायमूर्ति गोरंगकांत मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन विभाग में शहीद द्वीप के स्थानीय स्नोर्कल गाइडों को सूची में शामिल करने के लिए दस्तावेजों की जांच के वास्ते कल विभाग के अधिकारियों की एक टीम इस द्वीप का दौरा करेंगी। दस्तावेजों की जांच के बाद आवेदन और दस्तावेज सूचना, प्रचार और पर्यटन विभाग के प्राधिकृत अधिकारी से जरूरी स्वीकृति प्राप्त करने के लिए मौके पर एकत्र किया जाएगा। सभी संबंधितों से कल सुबह

साढ़े नौ बजे संबंधित दस्तावेजों के साथ शहीद द्वीप में हवाबिल नेस्ट में उपस्थित रहने को कहा गया है। इसके अलावा हवाबिल नेस्ट के सम्मेलन कक्ष में जल–क्रीड़ा गतिविधियों पर कक्षाएं भी आयोजित होंगी।

<><><><><><><>

नील क्रांति योजना के तहत मत्स्य विभाग पारंपरिक नौकाओं के आधुनिकीकरण के लिए योजना का क्रियान्वयन कर रहा है। योजना के तहत आउट बोट, इन बोट, मरीन इंजन या मत्स्य उपकरण और प्रोपेलर की खरीद के लिए रियायतें प्रदान की जाती है। सामान्य श्रेणी के लिए अड़तालीस हजार रूपये तक के अधिकतम मूल्य में चालीस प्रतिशत और प्रोपेलर के लिए एक लाख बीस हजार रूपये तक के अधिकतम मूल्य में चालीस प्रतिशत की रियायत देने का प्रावधान है। अनुसूचित जाति, जनजाति और महिला श्रेणी के लाभार्थियों को इन बोट, आउट बोट इंजन और मत्स्य उपकरण पर बहत्तर हजार रूपये तक की अधिकतम सीमा पर साठ प्रतिशत, जबकि प्रोपेलर की खरीद में अधिकतम एक लाख बीस हजार रूपये में साठ प्रतिशत छूट देने का प्रावधान है। द्वीपसमूह के पात्र मछुआरें, जिनके पास वैध मत्स्य लाइसेंस और पंजीकृत मत्स्य नौका के साथ दो वर्ष का अनुभव है, वे इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। कोविड की अवधि को छूट में शामिल किया गया है। सभी प्रकार के योग्यताधारक उम्मीदवार आवेदन पत्र और अन्य जानकारियां प्राप्त करने के लिए मत्स्य निदेशालय के अलावा मत्स्य अंचल कार्यालयों या उप–केन्द्रों से संपर्क कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे गए फार्म इक्कतीस जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर और आस–पास के क्षेत्रों में कल से लगातार रूक–रूककर भारी वर्षा हो रही है। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक पोर्ट ब्लेयर में एक सौ चौंतीस दशमलव तीन मिलीमीटर, मायाबंदर में सतहत्तर, हटबे में तीस दशमलव छः, लांग आइलैंड में तेईस दशमलव छः, कार निकोबार में बारह, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में ग्यारह और ननकौड़ी में सात दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। कल के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि निकोबार द्वीप के एक या दो स्थानों पर और छब्बीस जून को अंडमान द्वीप के एक या दो स्थानों में भारी वर्षा हो सकती है। तेज हवाओं और समुद्र के काफी अशांत रहने के कारण मछुआरों को सत्ताईस जून की सुबह तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। तटों के पास समुद्री संचालन गतिविधियां या मनोरंजन करते समय भी सावधान रहने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी में सहायक निदेशक के विभिन्न श्रेणियों के एक–एक पद के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन मांगे गए हैं। चुने गए उम्मीदवारों को प्रतिमाह पैंतीस हजार रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी। पूर्ण दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन ग्यारह जुलाई तक अटलांटा प्वाइंट स्थित एड्स नियंत्रण सोसाइटी के कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

उधर, बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय कार निकोबार में परियोजना समन्वयक, लेखाकार व लिपिक, डॉक्टर, नर्स जैसे विभिन्न पदों में भर्ती के लिए भी उम्मीदवारों से आवेदन मांगे गए हैं। अनुबंध के आधार पर की जाने वाली इन नियुक्तियों के लिए भी उम्मीदवारों को अलग–अलग पद के हिसाब से प्रतिमाह एकमुश्त राशि दी जाएगी। आवेदन दस जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे।

**<><><><><><><>**